

जीवेत शरदः शतम्
विकसित छत्तीसगढ़ के लिए समर्पित, सरल, सहज, सौम्य
व्यक्तित्व के धनी एवं जनप्रिय नेता छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री
आदरणीय विष्णु देव साय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
अनंत शुभकामनाएं...
21 फरवरी
टंकराम वर्मा
(केबिनेट मंत्री)
राजस्व एवं खेलकूद युवा कल्याण विभाग (छ.ग. शासन)
आशाराम नेताम
(विधायक)
कांकेर, विधानसभा क्षेत्र
रोहित साहू
(विधायक)
राजिम विधानसभा क्षेत्र
इन्द्रकुमार साहू
(विधायक)
अभनपुर, विधानसभा क्षेत्र
ईश्वर साहू
(विधायक)
साजा विधानसभा क्षेत्र
जगदीश (रामू) रोहरा
प्रदेश महामंत्री, भाजपा (छ.ग.)
महापौर, नगर निगम धमतरी
पं. राजेश शर्मा
(समाजसेवी)
वरिष्ठ भाजपा नेता, धमतरी
प्रकाश बैस
(जिलाध्यक्ष)
भारतीय जनता पार्टी धमतरी
मोनिका देवांगन
अध्यक्ष भाजपा मंडल गंगरेल
नवनिर्वाचित सदस्य जिला पंचायत धमतरी
श्रीनिवास राव मद्दी
स्वतंत्र निदेशक, एनएमटीसी लि.
(भारत का उपक्रम)
सचिन बघेल
(अध्यक्ष)
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, राजनांदगांव
निखिल सिंह राठौर
(अध्यक्ष)
नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर
राजेन्द्र शर्मा
पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष
बेमेतरा एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
हर्षवर्धन तिवारी
पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बेमेतरा
एवं पूर्व डायरेक्टर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग
शैंकी बग्गा
(पार्षद वार्ड नं. 24)
नगर निगम, राजनांदगांव
रूपसिंह साहू
(सामाजिक कार्यकर्ता)
खूबलाल ध्रुव
(पूर्व जिला पंचायत सदस्य)
धमतरी
धनेन्द्र ठाकुर
(शहर मंडल अध्यक्ष)
युवा मोर्चा भाजपा कांकेर
पीयूष वालेचा
(महामंत्री)
भारतीय जनता युवा मोर्चा, कांकेर
मुंद्रिका राय
पूर्व जनपद सभापति ज.पं. बिलाईगढ़
भाजपा नेता, विधानसभा बिलाईगढ़

# धरती पर मचने वाली है तबाही ? 'प्रलय की मछली' ने यहां तड़पते हुए तोड़ा दम

**मैड्रिड।** स्पेनिश शहर से लगे एक समुद्री तट पर दुर्लभ ओरफिश दिखाई दी, जिसे तबाही की निशानी माना जाता है। मछली ने थोड़ी ही देर में तपड़पते हुए दम तोड़ दिया। इससे पहले ओरफिश के दिखने पर भूकंप से भारी तबाही मचने का दावा किया गया है। क्या धरती पर तबाही मचने वाली है या ये किसी बड़ी अनहोनी का एक संकेत है? सोशल मीडिया पर एक वीडियो धड़ल्ले से शेयर किया जा रहा है, और इसे लेकर नेटिजन्स कुछ ऐसी ही चिंता जाहिर कर रहे हैं। दरअसल, बीते दिनों अटलांटिक महासागर के कैनरी द्वीपसमूह से लगे एक तट पर एक ऐसी मछली बहकर आई, जिसे लोग लोग दुर्लभ 'डूम्सडे फिश' यानी 'प्रलय की मछली' बता रहे हैं।

### भूकंप या सुनामी का संकेत दे सकती है यह मछली

जापानी लोककथाओं के अनुसार, गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली भूकंप या सुनामी का संकेत दे सकती है। जापानी ओरफिश को आपदा की निशानी मानते हैं। कहा जाता है कि 2011 में फुकुशिमा में शक्तिशाली भूकंप आने से पहले समुद्र किनारे ओरफिश देखी गई थी। पिछले साल अमेरिका के कैलिफोर्निया में भी ओरफिश नजर आई थी, तब लॉस एंजिल्स में भूकंप आया था।



### चमकदार होता है शरीर

ओरफिश आकार में अन्य मछलियों के मुकाबले बिल्कुल अलग होती है। सिर पर छोटी-सी लाल हड्डी होती है, वहीं शरीर चमकदार चांदी के रंग का होता है। ये 11 मीटर (यानी 36 फीट) तक लंबी हो सकती है। वीडियो में आप देखेंगे कि मछली किनारे आते ही दम तोड़ देती है। इस दौरान एक व्यक्ति मछली को दोबारा पानी में छोड़ने की नाकाम कोशिश भी करता है।

### अनहोनी की आशंका को लेकर लोग दहशत में

बताया जा रहा है कि गहरे पानी में रहने वाली इस मछली ने स्पेनिश शहर लास पालमास के तट पर आकर तड़पते हुए दम तोड़ दिया। इसके बाद से ही इलाके में किसी बड़ी अनहोनी की आशंका को लेकर लोग दहशत में हैं। यहां जिस मछली का जिक्र हो रहा है, वो ओरफिश है। इसे समुद्र के बाहर शायद ही देखा जाता है, क्योंकि इसे समंदर की गहराई में रहना पसंद है। ओरफिश को डूम्सडे फिश भी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि ये मछली जहां भी दिखती है, वहां कुछ न कुछ बुरा जरूर घटता है। इससे पहले ओरफिश के दिखने पर भूकंप से भारी तबाही मचने का दावा किया गया था।

### शकुन-अपशकुन से नहीं है कोई लेना-देना

हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि ओरफिश का शकुन-अपशकुन से कोई लेना-देना नहीं है। ओरफिश तभी सतह पर आती है, जब ये बीमार होती है या रास्ता भटक जाती है। ऐसे में किनारे आने पर इसकी मौत हो जाती है। ये दुर्लभ इसलिए है, क्योंकि ये कई वर्षों में एक बार नजर आती है।

# नासा के पंच मिशन से कई गुत्थियां सुलझने की उम्मीद, 27 फरवरी को होगा लॉन्च

**वॉशिंगटन।** 27 फरवरी 2025 को नासा एक नए मिशन को लॉन्च करने जा रहा है, जिसे 'पंच मिशन' नाम दिया गया है। यह मिशन सूर्य के रहस्यों से पर्दा उठाने और सौर तूफानों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। आइए जानते हैं कैसे काम करेगा यह मिशन, इससे कौन-कौन सी गुत्थियां सुलझेंगी? आसमान में चमकता हमारा सूरज जितना देखने में आकर्षक है, उतना ही रहस्यमय भी है। यह ऊर्जा का अथाह स्रोत है, लेकिन इसके भीतर कई अनसुलझे सवाल छिपे हैं। इनमें सबसे बड़ा रहस्य सूर्य की बाहरी परत, जिसे 'कोरोना' कहा जाता है, सूर्य की सतह से लाखों गुना ज्यादा गर्म क्यों है? वैज्ञानिक इस पहेली को हल करने की कोशिश में दशकों से लगे हुए हैं, लेकिन अब इस गुत्थी को सुलझाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। 27 फरवरी 2025 को नासा एक क्रांतिकारी मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जिसे 'पंच मिशन' कहा जाता है। यह मिशन सूर्य की बाहरी परत और उससे निकलने वाली सौर हवाओं के रहस्यों को उजागर करने में मदद करेगा।

## दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए होगी फायदेमंद

### क्या है पंच मिशन?

पंच मिशन नासा का एक नया अंतरिक्ष अन्वेषण प्रोजेक्ट है, जिसे सूर्य की बाहरी परत यानी 'कोरोना' और सौर वायुमंडल के अध्ययन के लिए डिजाइन किया गया है। यह चार छोटे उपग्रहों का एक समूह होगा, जो मिलकर सूर्य के चारों ओर घूमते हुए उसकी विस्तृत तस्वीरें भेजेगा। यह मिशन सौर हवाओं, कोरोना मास इजेक्शन और अंतरिक्ष मौसम को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा।



### पंच मिशन से कौन-कौन सी गुत्थियां सुलझेंगी?

सूर्य की बाहरी परत का रहस्यः पंच मिशन का मुख्य मकसद सूरज की सबसे बाहरी परत जिसे कोरोना कहते हैं, का अध्ययन करना है। यह परत सूर्य की सतह से लाखों गुना ज्यादा गर्म होती है, लेकिन वैज्ञानिक अभी तक यह समझ नहीं पाए हैं कि आखिर यह इतना गर्म क्यों है। पंच मिशन से इस रहस्य का समाधान मिलने की उम्मीद है।

### सौर तूफानों की भविष्यवाणी

जब सूर्य पर शक्तिशाली विस्फोट होते हैं, तो वे पृथ्वी की ओर तेज ऊर्जा कण भेजते हैं, जिसे 'सौर तूफान' कहा जाता है। ये तूफान हमारे संचार तंत्र, जीपीएस सिस्टम, और अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पंच मिशन इन तूफानों की उत्पत्ति और उनके प्रभावों को समझने में मदद करेगा, जिससे भविष्य में इनके पूर्वानुमान में सुधार हो सकेगा।

### सौर हवाओं की उत्पत्ति और गति

सूर्य लगातार चार्ज्ड पार्टिकल्स को अंतरिक्ष में छोड़ता है जिसे सौर हवाएं कहा जाता है। यह पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराकर ऑरोरा यानी नार्थरन लाइट्स जैसी सुंदर घटनाओं को जन्म देती है, लेकिन कभी-कभी यह पृथ्वी के लिए खतरनाक भी हो सकती है। पंच मिशन सौर हवाओं के स्रोत और उनकी गति को समझने में मदद करेगा।

### अंतरिक्ष मौसम पर प्रभाव

पंच मिशन अंतरिक्ष मौसम को समझने के लिए क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। यह मिशन उन घटनाओं पर गहराई से अध्ययन करेगा जो धरती के वातावरण, उपग्रहों और यहां तक कि अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं।

### मंगल और अन्य ग्रहों की सुरक्षा

पंच मिशन से जो भी जानकारियां इकट्ठा की जाएंगी उससे सिर्फ धरती नहीं, बल्कि मंगल और दूसरे ग्रहों के लिए भी जरूरी होगा। अंतरिक्ष एजेंसियां भविष्य में मंगल पर मानव बसावट की योजना बना रही हैं, लेकिन सौर हवाओं और विकिरण का असर इंसानों पर पड़ सकता है। पंच मिशन इन पहलुओं को समझने में मदद करेगा।

### कैसे काम करेगा पंच मिशन?

पंच मिशन में चार सैटेलाइट्स होंगे, जो मिलकर सूर्य की हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग करेंगे. ये छोटे सैटेलाइट्स सौर हवाओं और कोरोना मास इजेक्शन की 3डी इमेज बनाएंगे, जिससे वैज्ञानिकों को सूर्य और उसके प्रभावों की व्यापक जानकारी मिलेगी। यह डेटा धरती पर मौजूद वेधशालाओं और स्पेस मिशन कंट्रोल सेंटर को भेजा जाएगा, जिससे सौर गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। हालांकि पंच मिशन नासा की तरफ से संचालित किया जा रहा है कि लेकिन इसका डेटा पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए भी उपयोगी होगा. भारत भी सूर्य के अध्ययन में रुचि रखता है और इसरो ने हाल ही में आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च किया है, जो पंच मिशन की तरह सूर्य का अध्ययन कर रहा है।

## अंधेरे के देवता से कनेक्शन

# सूर्य का 1 चक्कर लगाने में इस ग्रह को लगता है 248 साल का वक्त

**वॉशिंगटन।** हर दिन कुछ नया करने और कुछ अनोखा खोजने के इच्छुक लोगों की दुनिया में कमी नहीं हैं। 18 फरवरी 1930 को ऐसे ही एक जिज्ञासु अमेरिकी वैज्ञानिक क्लाइड टॉमबा ने एक बौने ग्रह की खोज की थी। पहले इसे ग्रह मान लिया गया था, लेकिन बाद में इसे ग्रहों के परिवार से बाहर कर दिया गया। इस ग्रह का नाम रखने के लिए सुझाव मांगे गए तो 11वीं में पढ़ने वाली एक लड़की ने इसे प्लूटो नाम दिया। उसका कहना था कि रोम में अंधेरे के देवता को प्लूटो कहते हैं और इस ग्रह पर भी हमेशा अंधेरा रहता है, इसलिए इसका नाम प्लूटो रखा जाए। प्लूटो को सूर्य का एक चक्कर लगाने में 248 साल लग जाते हैं। प्लूटो और उसके सबसे बड़े चंद्रमा, चारोन के निर्माण को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ हैं। एक नई स्टडी में दावा किया गया है कि इन दोनों का मिलन एक 'चुम्बन और



कब्जा' प्रक्रिया के जरिए हुआ था। इस हाइपोथिसिस के अनुसार, लगभग 4.5 अरब वर्ष पहले, प्लूटो और चारोन के बीच एक टक्कर हुई। इस टक्कर की वजह से वे अस्थायी रूप से एक साथ जुड़े और फिर अलग हो गए और अपनी वर्तमान कक्षाओं में एडजस्ट हो गए।

### यह नाइट्रोजन की बर्फ से ढका रहता है

सूर्य की रोशनी को प्लूटो तक पहुंचने में लगभग पांच घंटे का समय लगता हैं। आकार में यह हमारे चंद्रमा का एक तिहाई हैं। कभी-कभी यह वरुण (नैपच्यून) की कक्षा के भीतर पहुंच जाता है। यह नाइट्रोजन की बर्फ से ढका रहता हैं। प्लूटो सौर मंडल के अवशेष मलबे से बना है। प्लूटो को नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता है।

# पेट में 'जुड़वां' लेकर पैदा हुआ बच्चा, कोख से निकलते ही हुई 'डिलीवरी', कुदरत का रहस्यमय खेल!

**वॉशिंगटन।** दुनिया में कई बार कुछ ऐसी घटनाएं दिख जाती हैं, जिन्हें हम एक बार तो पचा भी नहीं पाते हैं। ऐसी ही एक अविश्वसनीय घटना इस वक्त सुर्खियों में है, जिसे पचा पाना सबके बस की बात नहीं है। आप इसे कुदरत का चमत्कार कह लें या फिर विज्ञान का खेल। लेकिन, ऐसी घटनाएं रोज़-रोज़ नहीं होती हैं। आमतौर पर मां के गर्भ में बच्चे पलते हैं, लेकिन एक बच्चा तो 'प्रेग्नेंट' होकर ही इस दुनिया में आया। कुदरत के खेल भी निराले हैं। कभी-कभी ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं, जिनकी कल्पना भी शायद हमने पहले नहीं की हो।कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक नवजात बच्चे के पेट में जुड़वां बच्चे पलते हुए मिले। डॉक्टर भी ये देखकर हैरान रह गए। 32 साल की महिला ने इस बच्चे को जन्म दिया है, जो है तो लड़का, लेकिन उसके पेट में दो जुड़वां बच्चे पल रहे थे। है ना अजीब? इस अजीबोगरीब कंडीशन को 'फीटस इन फीटू' कहा जाता है, जिसके बारे में वैज्ञानिक और डॉक्टर भी ज्यादा कुछ नहीं बता पाते हैं। इससे जुड़ी हुई थ्योरी कहती है कि मां के गर्भ में कई बच्चे होते हैं, तो कई बार उनके विकास के दौरान ऐसा हो जाता है।



इससे पहले भी साल 2023 में चीन में एक तीन साल की बच्ची के दिमाग के अंदर एक भ्रूण पल रहा था, जो 4 इंच तक बढ़ गया था। बच्ची के सिर का साइज़ बढ़ने लगा, तो माता-पिता उसे डॉक्टर के पास ले गए।

### बच्चे के पेट में 'जुड़वां बच्चे'


*इस बच्चे का जन्म 1 फरवरी को हुआ है, जो 35 हफ्ते का स्वस्थ बच्चा है। बच्चे की स्कैनिंग करने वाले डॉक्टर ने बताया कि स्कैनिंग के वक्त ही उन्होंने बच्चे के साथ कुछ अजीबोगरीब चीज देखी। उसके पेट में एक दो भ्रूण थे, जिसमें से एक की कुछ हड्डियां और बाल थे, जबकि दूसरा भ्रूण बच्चे के पेट के निचले हिस्से में था। ये दुनिया के कुछ 200 दुर्लभ केसेज में से एक है, जब बच्चे के शरीर के अंदर दूसरे भ्रूण पलने लगे हों। राहत की बात ये है कि बच्चे के जन्म के बाद ही उसके पेट से दोनों भ्रूण निकाल लिए गए, जो सर्वाइव करने लायक विकसित नहीं थे। अब बच्चा और उसकी मां, दोनों ही स्वस्थ हैं।*










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com